भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

01.08.2025 के

तारांकित प्रश्न सं. 141 का उत्तर

रेलगाड़ियों के सवारी डिब्बों के प्रवेश/निकास द्वारों पर सूचकपट लगाने हेतु योजना

***141. श्री नीरज डांगीः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सभी रेलगाड़ियों के सवारी डिब्बों के प्रवेश/निकास द्वारों पर सूचकपट न होने के कारण विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांगों और छोटे बच्चों वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है; और

(ख) क्या रेलवे द्वारा सभी रेलगाड़ियों के सवारी डिब्बों के प्रवेश और निकास द्वारों को चिह्नित करने तथा उनमें प्रकाश की व्यवस्था करने और सूचकपट लगाने की कोई योजना बनाई गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

रेलगाड़ियों के सवारी डिब्बों के प्रवेश/निकास द्वारों पर सूचकपट लगाने हेतु योजना के संबंध में दिनांक 01.08.2025 को राज्य सभा में श्री नीरज डांगी के तारांकित प्रश्न सं. 141 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) और (ख) भारतीय रेल द्वारा विभिन्न प्रकार के सवारी डिब्बों की रेल सेवाएं प्रदान करके समाज के सभी वर्गों की यात्रा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने का निरंतर प्रयास किया जाता है, जिन्हें संवर्धित संरक्षा और बेहतर यात्री अनुभव के लिए डिज़ाइन और विकसित किया गया है।

आरक्षित सवारी डिब्बों में, "प्रवेश" और "निकास" द्वार चिह्नित किए जाते हैं। ये "प्रवेश" और "निकास" संकेतक सवारी डिब्बों के दरवाजों पर लगाए जाते हैं। सामान्य सवारी डिब्बों में, किसी भी द्वार से प्रवेश/निकास किया जा सकता है। सभी सवारी डिब्बों में यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए दरवाजों के निकट प्रकाश व्यवस्था भी मुहैया कराई गई है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल द्वारा सभी यात्रियों को यात्रा के दौरान सुगमता और सुविधा में बढ़ोतरी करने के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ मुहैया कराई जाती हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. लगभग सभी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में दिव्यांगजनों के लिए एक अलग कंपार्टमेंट चिह्नित किया गया है। इन सवारी डिब्बों में चौड़े प्रवेश द्वार, चौड़ी बर्थ, चौड़े कंपार्टमेंट, चौड़े दरवाजों वाले बड़े शौचालय, शौचालयों के भीतर व्हीलचेयर पार्किंग क्षेत्र आदि होते हैं, सहारे के लिए साइड की दीवारों पर अतिरिक्त ग्रैब रेल और उपयुक्त ऊंचाई पर वॉश बेसिन और दर्पण भी उपलब्ध हैं।

ii. दृष्टिबाधित यात्रियों की सुविधा के लिए, सवारी डिब्बों में एकीकृत ब्रेल संकेतक अर्थात अंकित ब्रेल लिपि के साथ संकेतक भी लगाए गए हैं।

iii. आधुनिक वंदे भारत और अमृत भारत गाड़ियों को दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। वंदे भारत गाड़ियों के पहले और अंतिम सवारी डिब्बों में व्हील चेयर, चौड़े स्थान के साथ दिव्यांगजनों के अनुकूल शौचालय आदि हेतु विशेष प्रावधान हैं। इसके अलावा, वंदे भारत गाड़ियों के इन सवारी डिब्बों में और अमृत भारत के लगेज सह दिव्यांगजन सवारी डिब्बों में मॉड्यूलर रैंप का प्रावधान किया गया है ताकि इन सवारी डिब्बों के भीतर विभिन्न शारीरिक क्षमता वाले व्यक्ति आसानी से चढ़ और उतर सकें।

*****